Trust, Serve and Love

ST. TERESA SCHOOL

SHAKTI KHAND II, INDIRAPURAM,
GHAZIABAD
+91 8826000216
https://stteresaschool.in/
stteresaschool.indirapuram@gmail.com

**Circular No: STS/SR/2025-26/007**

# अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025-26

**प्रिय अभिभावकगण,**

हिंदी हमारी मातृभाषा है। हिंदी भाषा को और अधिक समृद्ध एवं विकसित करने हेतु विद्यार्थियों में इसके प्रति प्रेम और सम्मान की भावना जागृत करना आवश्यक है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय, **विगत वर्ष की भांति**, इस वर्ष 2025-26 में भी **अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड संस्था** के माध्यम से हिंदी ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन कर रहा है।

---

**परीक्षा से संबंधित विवरण निम्नानुसार है:**

- **परीक्षा तिथि:** 28 जुलाई 2025
- **परीक्षा स्थल:** विद्यालय
- **प्रश्न पत्र प्रारूप:** बहुविकल्पीय
- **समयावधि:** 1 घंटा
- **परीक्षा स्तर:** स्तर 1 (कक्षा 1 से 12 तक)
- **परीक्षा शुल्क:** ₹150
- **पंजीकरण की अंतिम तिथि:** 14 जुलाई 2025

---

**पंजीकरण विवरण:**

- छात्र/छात्रा का नाम –
- वर्ग / अनुभाग –
- माता/पिता का नाम –
- संपर्क दूरभाष नंबर –

---

**नोट:**

अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड का उद्देश्य केवल परीक्षा आयोजित करना नहीं है, बल्कि इसका प्रमुख लक्ष्य छात्रों में मातृभाषा के प्रति जागरूकता एवं रुचि को बढ़ाना है। यह प्रतियोगिता छात्रों को शैक्षिक ही नहीं, बल्कि उनकी **बौद्धिक क्षमता के मूल्यांकन** का भी अवसर प्रदान करती है।

इस ओलंपियाड में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को आगे चलकर **राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं** में भाग लेने का अवसर भी प्राप्त होगा। अतः आप सभी से अनुरोध है कि अंतिम तिथि से पूर्व पंजीकरण कर इस ओलंपियाड का भाग बनें और पुरस्कार व ट्रॉफी जीतने का अवसर प्राप्त करें।

**कृपया शीघ्र पंजीकरण पूर्ण कर मातृभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता और प्रेम को बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।**

धन्यवाद।

रेनू श्रीवास्तव

प्राचार्या
सेंट टेरेसा स्कूल